दिन– रविवार दिनांक– 10 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए। समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए कड़े दंड का प्रावधान।
02. रोहतास जिले का टेलकप पंचायत राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए चयनित।
03. बिहार पुलिस में पन्द्रह हजार आठ सौ इक्कीस पदों पर सैप जवानों की होगी नियुक्ति। एक जून से शुरू होगी चयन प्रक्रिया।
04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया समेत राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि इसमें समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए प्रतिबंध और कड़े दंड का प्रावधान है। दैनिक वेतन शिफ्ट समाप्त होने तक, साप्ताहिक वेतन साप्ताहिक अवकाश से पहले, पाक्षिक वेतन पखवाड़े की समाप्ति के दो दिन में और मासिक वेतन का भुगतान अगले महीने के सात दिन में हो जाना चाहिए। इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक देय राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार पच्चीस के विजेताओं की घोषणा कर दी है। रोहतास जिले के टेलकप पंचायत समेत देशभर की बयालीस पंचायतों को इस वर्ष यह पुरस्कार दिया जायेगा। टेलकप पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सत्त विकास पुरस्कार मिलेगा। इसके तहत एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी। पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार पुरस्कार वितरण समारोह तीन जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कर्नाटक से

सबसे अधिक छह पंचायतों का पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के पांच–पांच पंचायत चयनित किये गये हैं।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में उच्च–स्तरीय बैठक में बाढ़ और लू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बैठक के दौरान श्री शाह राहत और बचाव उपायों में केन्द्रीय सरकारी एजेंसियों की तत्परता का आकलन करेंगे। शुरुआती चेतावनी प्रणालियों, संसाधनों की तैनाती और अंतर–एजेंसी समन्वय की भी समीक्षा की जायेगी ताकि जानमाल का नुकसान कम से कम किया जा सके। गृह मंत्री दीर्घावधि बाढ़ रोकथाम उपायों की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। बाढ़ और लू संबंधी पूर्वानुमान प्रणाली मजबूत करने, जन–जागरुकता, समुचित राहत सामग्री की आपूर्ति और चिकित्सा सहायता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह बैठक जन–केन्द्रित आपदा प्रबंधन और सक्रिय उपायों के लिये सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाती है।

---

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के लिए प्रकाशित प्रारूप प्रपत्र–एक पर आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि अठारह मई निर्धारित की है। आयोग के अनुसार आपत्तियों के निपटारे से असंतुष्ट रहने पर अपीलवाद दाखिल किया जा सकता है। इस अपील का निपटारा भी सात दिनों के अन्दर कर दिया जायेगा। वहीं, प्रारूप एक का अंतिम प्रकाशन पन्द्रह जून को किया जायेगा। इसके साथ ही आयोग ने पंचायत चुनाव में आरक्षण की सही जांच के लिए सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

---

तमिलनाडु में तमिलग् वेत्री कड़गम– टीवीके पार्टी प्रमुख सी.जोसेफ विजय आज सुबह दस बजे चेन्नई में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। दो सौ चौंतीस सदस्यों के सदन में एक सौ बीस विधायकों का समर्थन मिलने के बाद राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री विजय को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है। लोक भवन से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वी.सी.के. और आई.यू.एम.एल. पार्टी ने समर्थन पत्र सौंप दिया है। इन दोनो दलो के दो–दो विधायक हैं। राज्यपाल ने श्री विजय को तेरह मई या इससे पहले विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने को भी कहा है।

---

बिहार पुलिस में पन्द्रह हजार आठ सौ इक्कीस पदों पर विशेष सहायक पुलिस, सैप की अनुबंध पर नियुक्ति की जायेगी। इसकी प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। पुलिस मुख्यालय ने जवानों की भर्ती के लिए पटना जिले के दानापुर कैन्ट स्थित सेवा

रोजगार कल्याण संगठन को नोडल इकाई बनाया है। इसके साथ ही भर्त्ती की प्रक्रिया प्रमंडलवार तय की गयी है, जिसमें पूर्णिया, भागलपुर और दरभंगा के लिए एक जून, कोसी, मुंगेर और सारण के लिए दो जून, तिरहुत के लिए तीन जून, मगध के लिए चार जून और पटना प्रमंडल के लिए पांच और छह जून की तिथि निर्धारित की गयी है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को बिहार का स्थायी निवासी होना अनिवार्य किया गया है।

———————————————————

राज्य में मरीजों की जांच रिपोर्ट चिकित्सकों को ऑनलाईन मिलेगी। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों में एक जून से मरीजों और उनकी जांच रिपोर्ट की इंट्री ऑनलाईन की जायेगी। श्री सिन्हा ने बताया कि इसे आभा आईडी के तहत ऑनलाईन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध अस्पतालों को प्रत्येक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, ईएचआर के लिए बीस रूपये दिये जायेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में अब तक छह करोड़ ग्यारह लाख मरीजों की आभा आईडी बनायी जा चुकी है।

———————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई आज नई दिल्ली में समग्र बौद्धिक विकास पर परामर्शदाता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सीबीएसई ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से यह आयोजन किया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ–साथ भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आरोग्य को बढ़ावा देना है। बोर्ड के अनुसार यह परियोजना इस वर्ष जुलाई से छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए लागू की जाएगी।

———————————————————

राज्य में पुलों की सुरक्षा और उनके रख–रखाव में अनियमितता के मामलों में इंजीनियर और उससे संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। पथ निर्माण सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पुलों की गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की देखभाल करने वाली संस्थाओं को पुलों का सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश दिया है।

———————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज सुबह राजधानी पटना, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर सहित आस–पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज

पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया समेत राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

———साउंड बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, नवादा, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई है।

———————————————————————

राज्य में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों में विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान राज्यभर में लम्बित बीस हजार से अधिक ट्रैफिक ई–चालानों का निष्पादन किया गया। पटना जिले में सबसे अधिक दस हजार एक सौ उन्नीस यातायात चालान का निपटारा किया गया। पटना के फतुहा के एक व्यक्ति को चालीस हजार रूपये के चालान पर बीस हजार की माफी दी गयी। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में एक सौ अड़तालीस ट्रैफिक चालान सहित बारह सौ सत्ताईस मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं, सीतामढ़ी जिले में कुल दो हजार आठ सौ चौवन मामलों और सुपौल जिले में एक हजार तीन सौ चौरानवे वादों का निष्पादन किया गया।

———————————————————————

नेपाल सरकार के आदेश के बाद अररिया जिला प्रशासन ने भारत से नेपाल में प्रवेश करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वैध पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य कर दिया है। जिला प्रशासन के अनुसार नेपाल से भारत में प्रवेश करने वालों को भी अपना परिचय पत्र दिखाना होगा।

———————————————————————

राज्य के दो सौ आठ नये डिग्री कॉलेजों को अंगीभूत महाविद्यालय के रूप में मान्यता दे दी गयी है। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने बताया कि इन महाविद्यालय में एक जुलाई से नये सत्र की शुरूआत होगी।

———————————————————————

राज्य में सरकारी स्कूलो में पदस्थापित महिला शिक्षकों को गृह जिले में तबादला किया जायेगा। शिक्षा विभाग के अनुसार अगले माह इसकी प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके बाद महिला शिक्षिकाओं से ऑन लाइन आवेदन लिये जायेंगे।

———————————————————————

राज्य में महिला और अनुसूचित जाति–जनजाति मामलों की जांच आरक्षी उपाधीक्षक स्तर के पदाधिकारी करेंगे। गृह विभाग के अनुसार इनसे संबंधित मामले राज्य में लगभग चार हजार आठ सौ सत्तर लंबित हैं। इनकी जांच निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

————————————————————

भोजपुर जिले के डुमरिया की रश्मि सिंह का दस मीटर एयर राइफल शुटिंग प्रतियोगिता निशानेबाजी टीम के लिए चयन किया गया है। रश्मि वर्तमान में आईएसएसएफ युवा वर्ग की शूटर हैं।

————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत पैकपार के वार्ड नंबर दस में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

मधेपुरा जिला का छियालीसवां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सांसकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आलमनगर के विधायक नरेन्द्र नारायण यादव और जिला पदाधिकारी अभिषेक रंजन ने संयुक्त रूप से इसका उदघाटन किया।

————————————————————

एसएसबी की बीरपुर इकाई ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत गीदड़मारी गाँव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया।

————————————————————

सीतामढ़ी जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात किलो मादक पदार्थ गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपए बतायी गई है।

————————————————————

पटना जिले के बाईपास थाना क्षेत्र अन्तर्गत करमलीचक के पास से पुलिस ने दस किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

पटना जिले की विशेष पुलिस टीम ने चार अपराधियों को चोरी की सात स्कूटी और मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार ने

बताया कि अगमकुआं, खाजेकलां और मालसलामी थाना क्षेत्र से इनकी गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————

सहरसा जिले के महिषी और सौर बाजार के दो विद्यालयों में मध्याह्न भोजन खाने के बाद बच्चों के बीमार होने के मामले में प्रधानाध्यापकों को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अग्नि मिसाई के परिक्षण पर लिखा है– एक वार में कई दुश्मनों को भस्म करेगी अग्नि।

दैनिक जागरण लिखता है – सप्ताह में अड़तालीस घंटे काम की समय सीमा तय। केन्द्र सरकार ने चार श्रम संहिताओं को किया लागू।

प्रभात खबर ने बंगाल में शपथ ग्रहण समारोह पर लिखा है– शुभो आरंभ, शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है – बिहार का पहला न्यूक्लियर पावर प्लांट बांका में लगेगा।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– शिक्षा मंत्री का दावा, जल्द होगी टीआरई–फोर परीक्षा।

आज अखबार की सुर्खी है– हार के बाद बदला ममता का अंदाज।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए। समय पर वेतन और सामाजिक सुरक्षा अंशदान का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के लिए कड़े दंड का प्रावधान।
02. रोहतास जिले का टेलकप पंचायत राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए चयनित।
03. बिहार पुलिस में पन्द्रह हजार आठ सौ इक्कीस पदों पर सैप जवानों की होगी नियुक्ति। एक जून से शुरू होगी चयन प्रक्रिया।
04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया समेत राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।